## अभियंता प्रमुख का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–1** के अधीन PMGSY-III योजनान्तर्गत Tender ID-127577 (पैकेज सं0–BR18P3R03), Tender ID-127744 (पैकेज सं०–BR18P3R23 एवं **कार्य प्रमंडल, किशनगंज–2** के अधीन Tender ID-127754 (पैकेज सं0–BR18P3R42) के निविदा में सात सदस्यीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा के क्रम में पाया गया कि **निविदाकार Titu Badwal (निबंधन सं0–1150203)** द्वारा Key Plant & Equipment का गलत कागजात संलग्न किया गया है, जो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) के तहत दण्डनीय है। निविदाकार द्वारा Concrete Mixer with integral weight batching facility का Invoice अपलोड किया गया है जो कि दिनांक 25.03.2018 को निर्गत है। दिनांक 01.07.2017 से पूरे देश में GST का व्यवस्था लागू है परंतु इस Invoice पर GST की जगह VAT अंकित है। इस प्रकार यह Invoice गलत है। इसी प्रकार इनके द्वारा M.M.Enterprises, Kolkata का दिनांक 24.06.2020 का Invoice No.-1482 अपलोड किया गया है। यही Invoice No.-1482 पुनः नाबार्ड योजनान्तर्गत Tender ID-129636 में अपलोड किया गया है जिसपर तिथि 24.06.2014 अंकित है। इस प्रकार स्पष्ट है कि इनके द्वारा कागजातों में हेराफेरी कर निविदा प्राप्त करने का प्रयास किया गया है।

निविदा में गलत कागजात अपलोड करने के आरोप में विभागीय पत्रांक–1002 दिनांक–23.02.2024 द्वारा **संवेदक Titu Badwal (निबंधन सं0–1150203)** से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, किन्तु अबतक संवेदक का पक्ष अप्राप्त है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

अतएव बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) के आलोक में संवेदक **Titu Badwal, (निबंधन सं0–1150203)** At- Pani Bandh, Ward No. 4, P.S. and Dist-Kisanganj को अगले 04(चार) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

30/03/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–31 / 2024–1570 / पटना, दिनांकः– 30.03.2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना / उर्जा विभाग, बिहार, पटना / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग,

बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/03/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–31/2024 - 1570 /पटना, दिनांकः– 30.03.2024

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/03/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–31/2024 - 1570 /पटना, दिनांकः– 30.03.2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/03/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–31/2024 -1570 /पटना, दिनांकः– 30.03.2024

प्रतिलिपिः– **संवेदक Titu Badwal, (निबंधन सं0–1150203),** At- Pani Bandh, Ward No. 4, P.S. and Dist- Kisanganj को सूचनार्थ प्रेषित।

30/03/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव